an>

Title: Need to run-Muzaffarpur-Anand Vihar Garib Rath Express train on daily basis.

**श्री सतीश चंद्र दुबे (बाल्मीकि नगर)** ः मैं माननीय रेल मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूँ कि मेरे द्वारा लगातार उठाये जा रहे गरीब रथ ट्रेन का मेरे संसदीय क्षेत्र के बगहा स्टेशन पर ठहराव की मांग को स्वीकार किया इसके लिए मैं दिल से धन्यवाद देना चाहता हूँ। परंतु मैं मंत्री जी के ध्यान में यह भी लाना चाहता हूँ कि यह ट्रेन सप्ताह में केवल एक ही दिन चलती है। हमारे क्षेत्र से दिल्ली आने के लिए ट्रेनों का घोर अभाव है। केवल सत्याग्रह एक्सप्रेस व सप्तक्रांति ही ऐसी ट्रेन हैं जो प्रतिदिन चलती हैं, जिसमें कभी भी लोगों को सीट नहीं मिल पाती है। पूरे वर्ष इन दोनों ट्रेनों में नो रूम अथवा बहुत ज्यादा वेटिंग की स्थिति बनी रहती है, जिसके कारण लोगों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। हमारे संसदीय क्षेत्र बाल्मीकि नगर के पढ़ने वाले छात्र पढ़ाई हेतु, बीमार व्यक्ति अपने ईलाज हेतु और व्यवसायी वर्ग के लोगों का दिल्ली आना-जाना बराबर होता है। परंतु ट्रेन के अभाव में उन्हें भीषण संकट का सामना करना पड़ता है।

अतः मैं रेल मंत्री से आग्रह करना चाहता हूं कि हमारे संसदीय क्षेत्र की जनहित की समस्या को ध्यान में रखते हुए मुजफ्फरपुर-आनंद विहार गरीब रथ का परिचालन सप्ताह में एक दिन के बजाए प्रतिदिन करने के साथ-साथ इसके समय में परिवर्तन करने का कष्ट करें जिससे कि लोगों को समस्याओं से निज़ात मिल सके।